तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



2 उद्योग मंत्री के निवास में मनी होली, जमा फाग का रंग

## सैर के लिए अशोक वाटिका पहुंचने वाले लोगों को होगी परेशानी

# ऑक्सीजोन अशोक वाटिका की कटी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





ऑक्सीजोन के रूप में विकसित की गई टीपी नगर स्थित अशोक वाटिका के बिजली कनेक्शन को लेकर बनी विवाद के बाद आखिरकार विद्युत वितरण विभाग ने लाइट काट दी है। वितरण विभाग ने नगर निगम को 9 लाख रुपए से अधिक का बिजली बिल भेजा है। बिजली कटने की वजह से अशोक वाटिका में सुबह शाम टहलने के लिए आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- विद्युत वितरण विभाग ने नगर निगम को 9 लाख का भेजा बकाया

पिछले वर्ष राज्य सरकार ने कोरबा की अशोक वाटिका को संवारने का निर्णय लिया था। 10 करोड़ रुपए खर्च करने के साथ इसे नया कलेवर दिया गया। 15 एकड़ क्षेत्रफल में विस्तारित अशोक वाटिका में नए पेड़-पौधे लगाए गए और लोगों को आकर्षित करने के लिए कई म्यूजिकल फाउंटेन के अलावा अन्य संसाधन भी स्थापित किये गए। बच्चों से लेकर युवाओं और अन्य लोगों के मनोरंजन के लिए यहां सुविधाएं मुहैया कराई गई। प्रतिदिन सुबह-शाम हजारों की संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की पहुंच यहां सैर करने के लिए सुनिश्चित होती है। इस इरादे से नगर निगम ने अशोक वाटिका के भीतर नेचुरल ट्रैक तैयार किया। आराम के कई घंटे बिताने के साथ लोगों को यहां से शुद्ध वायु प्राप्त होती रही। सूत्रों की मानें तो अशोक वाटिका में इलेक्ट्रिक से चलने वाले उपकरण और पेड़-पौधों को उनकी जरूरत के लिए पानी उपलब्ध कराने हेतु पूर्व के वर्षों में वन विभाग के नाम पर एक विद्युत कनेक्शन हुआ करता था। बाद में यहां बिजली का उपयोग दूसरे तरीके से किया जा रहा था। पिछले दिनों वितरण विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण करने के साथ इस मामले को अनुचित श्रेणी में पाया और डिस्कनेक्शन की कार्रवाई कर दी। तब से अब तक यहां बिजली सुविधा शून्य है। ऐसे में अशोक वाटिका के सभी उपकरण ठप हैं और पेड़-पौधों को उनकी जरूरत के हिसाब से पानी नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के मौसम में वे संकट की स्थिति में है। नगर निगम आयुक्त के नाम से अशोक वाटिका के बाहर एक नोटिस चस्पा कर दिया गया है जिसमें 22 से 27 मार्च तक इसे बंद रखने की जानकारी दी गई है। लोग हर दिन यहां पहुंचते हैं और बाहर से ही लौट जाते हैं। वितरण विभाग के एई ने बताया है कि अशोक वाटिका में बिजली का उपयोग करने और बिल अदा नहीं करने पर नगर निगम को 9 लाख रुपए से ज्यादा का नोटिस दिया गया है। वह भुगतान कैसे कराता है, जिम्मेदारी उसकी है। बिल अदा होने पर ही कनेक्शन जोड़ा जाएगा।

**जल्द होगा भुगतान**

अशोक वाटिका के विद्युत कनेक्शन को डिस्कनेक्ट करने की कार्रवाई सीएसईबी के द्वारा की गई। इससे असुविधा उत्पन्न हुई है। नोटिस के परिप्रेक्ष्य में भुगतान की कार्यवाही एक-दो दिन में कर दी जाएगी।

-एके शुक्ला, प्रभारी टीपी नगर जोन

# अडानी का हुआ लैंको पॉवर प्लांट, सीसीआई ने सौ प्रतिशत अधिग्रहण को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अदानी पावर लिमिटेड द्वारा लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के सौ प्रतिशत अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। जिसके बाद अब लैंको संयंत्र के अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया है।

जिले के पताढ़ी स्थित लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 (आईबीसी) के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुजर रहा है। कंपनी पर बैंकों का ही 17 हजार 978 करोड़ से ज्यादा का कर्ज है। इसे अलावा भी करोड़ों रुपए की देनदारी है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा अधिग्रहण की मंजूरी देने के बाद लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड का स्वामित्व अदानी पावर लिमिटेड। अदानी पावर लिमिटेड अदानी समूह की कंपनी है। बताया गया है कि अडानी समूह की कंपनी ने लैंको अमरकंटक पावर के अधिग्रहण की डील 4101 करोड़ रुपए में की है। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा सरकारी कंपनी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने भी लैंको अमरकंटक पावर के अधिग्रहण में दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन बाद में प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। अनिल अग्रवाल के स्वामित्व वाली कंपनी ट्विन स्टार टेक्नोलॉजीज ने भी खरीदारी के लिए प्रपोजल दिया था, जिसे खारिज कर दिया गया था। वर्तमान में लैंको संयंत्र से 600 मेगावाट बिजली उत्पादित हो रही है। 300 मेगावाट क्षमता वाली दो इकाई प्रचालन में है। लैंको द्वारा विस्तार परियोजना के तहत सुपर क्रिटिकल तकनीक वाली 660 मेगावाट क्षमता वाली दो यूनिट स्थापित करने का काम शुरू किया गया था। विस्तार यूनिट 3 और 4 का कार्य लगभग हो चुका है। इसी बीच कंपनी भारी कर्ज में फंस गई और दिवाला हो गई।

**खास बात**

- अडानी पावर ने 4101 करोड़ में लैंको संयंत्र को किया हासिल

## ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश जारी

**कोरबा।** शासकीय ओपन युनिवर्सिटी में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गया है। पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुक्त विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, एमए, एमएससी, पीजीडीसीए, डीसीए, पीजीडीवायएस, बी.लिब., साइबर लॉ एवं लेबर लॉ, योग व रामचरित मानस जैसे कोर्सों में विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के समन्वय सहायक ने बताया कि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सभी पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी व दिशा-निर्देश वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र जिले के 3 महाविद्यालयों में संचालित है।

# नव विवाहिता ने की खुदकुशी लगा प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शादी के 8 महीने बाद ही नव विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी है। नवविवाहिता की लाश घर के शौचालय में फांसी के फंदे में लटकी मिली है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। मानिकपुर चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि घटना मानिकपुर चौकी के एसबीएस चीफ हाउस कॉलोनी की है। जहां एक युवती ने शादी के चंद महीनों बाद ही मौत को गले लगा लिया। जानकारी के अनुसार, युवती ने आत्महत्या के पहले मायके वालों से फोन पर बात की थी। उसने सास, ससुर और ननद पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। जानकारी के अनुसार युवती को दहेज और खाना पीना के लिए ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। घटना के बाद युवती के परिजनों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।



मृतका।

# बिजली की बढ़ती डिमांड के बीच एचटीपीपी की एक इकाई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तापमान का पारा चढने के साथ ही गर्मी बढने लगी है। धूप अब चुभ रही है। इसी के साथ लोग गर्मी से बचने एसी, कूलर व पंखे का इस्तेमाल करने लगे हैं। खेतों में लगी रबी की फसल को भी सिंचने पंप का इस्तेमाल हो रहा है। जिससे बिजली की डिमांड में इजाफा हो गया है। राज्य में पिकआवर के दौरान अधिकतम डिमांड 4800 मेगावाट के पार रही। डिमांड बढने के बीच राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीपी संयंत्र की 3 नंबर इकाई से बिजली उत्पादन बंद रहा। 210 मेगावाट की इस इकाई से उत्पादन बंद रहने के कारण 1340 मेगावाट के मुकाबले एचटीपीपी संयंत्र से 960 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था। वहीं डीएसपीएम की दोनों इकाई फुल लोड पर चल रही थी। 500 मेगावाट क्षमता के मुकाबले 460 मेगावाट तक बिजली का उत्पादन हो रहा था। मड़वा से 1000 क्षमता के मुकाबले 933 मेगावाट तक बिजली बन रही थी। राज्य उत्पादन कंपनी के कोटे से लगभग 2400 मेगावाट तक बिजली बन रही थी। ऐसे में बिजली की डिमांड पूरा करने सेंट्रल सेक्टर से लगभग 23 सौ मेगावाट से अधिक बिजली लेनी पड़ रही थी। आने वाले दिनों में बिजली की डिमांड और बढ़ेगी। इस साल अधिकतम ⏭ शेष पेज 3 पर

# एसईसीएल की खदानों में दिखा होली का असर, उत्पादन में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली पर्व को लेकर एसईसीएल के कोयला उत्पादन में भारी गिरावट दर्ज की गई। दैनिक उत्पादन लक्ष्य से 3 लाख 28 हजार टन कम कोयले का उत्पादन हुआ। यह मार्च माह में अब तक का सबसे कम उत्पादन है। रोजाना 8 लाख 38 हजार टन कोयला उत्पादन का टारगेट दिया गया है। इसके मुकाबले होली के दिन 25 मार्च को 5 लाख 10 हजार टन कोयला का उत्पादन किया गया।


**खास बात**

- कंपनी के दैनिक लक्ष्य 8 लाख 38 हजार के मुकाबले 3 लाख 28 हजार टन कम कोयला हुआ उत्पादन

एसईसीएल को इस वित्तीय वर्ष में 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन व डिस्पैच का टारगेट दिया गया है। उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने एसईसीएल को मार्च में 25.98 मिलियन टन कोयला का उत्पादन करने का टारगेट है। इसे लेकर दैनिक कोयला उत्पादन लक्ष्य भी निर्धारित किया जाता है। इसके अनुसार रोजाना खदानों से 8 लाख 38 हजार टन कोयला का उत्पादन किया जाना है। मार्च में कोयला उत्पादन ने रफ्तार पकड़ी है। डेली लक्ष्य से कहीं अधिक 8 लाख 50 हजार टन से भी ज्यादा कोयला का उत्पादन हो रहा है, लेकिन होली पर्व के दिन कोयला उत्पादन में भारी गिरावट दर्ज की गई। 8 लाख 38 हजार टन दैनिक लक्ष्य के मुकाबले 5 लाख 10 हजार टन कोयला का खनन किया गया, जो दैनिक लक्ष्य से तीन लाख 28 हजार टन कम है। होली पर्व के दिन खदानों में उपस्थिति कम रहती है। लोग अपने परिवार, रिश्तेदारों के साथ होली खेलते हैं। जिसकी वजह से कार्यालयों में छुट्टी भी घोषित की गई थी। इसका असर एसईसीएल की कोयला खदानों में भी देखने को मिला। होली पर्व के दौरान जहां कोयला उत्पादन में गिरावट आई तो डिस्पैच की रफ्तार भी धीमी रही। एसईसीएल को रोजाना 5 लाख 69 हजार टन कोयला का डिस्पैच करना है। इसके मुकाबले 25 मार्च को लगभग 2 लाख टन कोयला का डिस्पैच किया गया। जो लक्ष्य से तीन लाख 69 हजार टन कम था। हालांकि ⏭ शेष पेज 3 पर

**180 एमटी के पार पहुंचा उत्पादन आंकड़ा**

एसईसीएल ने अपने स्थापना से अब तक के सर्वाधिक उत्पादन का रिकार्ड पहले ही तोड़ दिया है। इस वित्तीय वर्ष उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाने की दिशा में एसईसीएल अग्रसर हो गया है। 197 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य के मुकाबले 25 मार्च तक की स्थिति में 181.82 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जा चुका है। वहीं डिस्पैच की बात करें तो 197 मिलियन टन के मुकाबले 177.26 मिलियन टन कोयला का उठाव हो चुका है। अब उत्पादन व डिस्पैच का टारगेट पूरा करने क्रमशः लगभग 15 व 20 मिलियन टन का आंकड़ा पूरा करना होगा।



27 korba-BHHOMI-pg2_Layout 1 3/27/2024 11:22 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### हरदीबाजार क्षेत्र में मनाया गया होली का पर्व

हरदीबाजार में होली पर्व हर्षोल्लास व शांति के साथ मनाया गया। हरदीबाजार के बस स्टैंड, कालेज चौक एवं पुरानी बस्ती में सभी वर्गों के द्वारा हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक एक-दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर मनाया गया, तत्पश्चात बड़े, बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के निवास पहुंचकर हरदीबाजार सहित आसपास के नागरिकों ने पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर को गुलाल लगाकर होली मनाकर शुभकामनाएं दी। हरदीबाजार थाना प्रभारी वह पुलिस कर्मचारियों के द्वारा चौक चौराहा पर पुलिस टीम तैनात रही और पुलिस गाड़ी से क्षेत्र में प्रेट्रोलिंक भी करती रही। जिससे हुड़दंगी, आसामाजिक तत्वों के ऊपर भी विषेश नजर रही जिससे क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई घटना-दुर्घटना नहीं हुई। इस अवसर पर मदनलाल राठौर, युवराज सिंह कंवर, अनिल टंडन, जगदीश अग्रवाल, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, निलेंद्र राठौर, विनय चंद्राकर, दयाराम कंवर, जय सिंह राठौर, हरिराम अग्रवाल, राजाराम जायसवाल, चुलेश्वर राठौर, भुनेश्वर राठौर, रमेश अहिर, रामशरण कंवर, चंद्रहास राठौर, राजेश राठौर, नरेश राठौर, मनोज राठौर, डा.गणेश प्रभूवा, पंकज धुरवा, हरनारायण राठौर, शशीधर सोनी, सुरेंद्र राठौर, अभिषेक राठौर, सुरेंद्र राठौर, पंकज सोनी, आनंद कंवर, पुष्पेंद्र अहिर, विजय ठाकुर, विरेंद्र राठौर, मोना राठौर सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी ने होली पर्व का आंनद लिया।

### लायंस क्लब बालको ने मनाया होली पर्व



पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन लायंस क्लब बालको ने श्री महाराजा फार्म हाउस बालको में आयोजित किया। होली मिलन समारोह सभी लायन साथियों पदाधिकारियों एवं उनके परिवार ने एक दूसरे से मिलकर रंग गुलाल से पारंपरिक होली खेली। सभी लायन साथियों ने गीत संगीत के साथ रात्रि भोजन का भी लुत्फ उठाया। होली मिलन समारोह के दौरान कैलाश गुप्ता, किशोर अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, गोपाल प्रसाद केडिया, एसके कुदेशिया सहित अन्य शामिल रहे।

### रासेयो ने रैली निकाल कर किया मतदाता जागरूकता



**हरदीबाजार**। बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा व जिला संगठक वाई के तिवारी के निर्देशन में तथा,प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण में व मनोज कुमार चौबे जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोरबा होरीलाल पाटिले संकुल प्रमुख बोईदा,कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन मे तथा ज्योतिष कुमार तिवारी, सत्य प्रकाश खांडेकर, गनपत लाल ध्रुव,कृष्णा लाल कश्यप, अनिल कुमार यादव,उषा बर्मन, सविता मरावी, हरीश कुमार चौबे की उपस्थिति में व शासन प्रशासन के निर्देशन में बोईदा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शासन द्वारा आदेशित किया गया है। इस तारतम्य में इकाई द्वारा कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूक रैली निकाल कर व नारा स्लोगन के साथ मतदाता जागरूक किया गया विद्यालय परिसर से प्रारंभ करके बस स्टैंड व पूरे बस्ती में भ्रमण के साथ सड़क में आने जाने वाले लोगों से चर्चा के दौरान सत प्रतिशत मतदान हेतु विनम्र अपील किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवक वीरेंद्र कुमार यादव, लकेश्वर कुमार श्रीवास, आरती पटेल, प्रतीक्षा गेंदले, पुष्पा पटेल, नंदिनी ओग्रे, भूमिका पटेल, निर्मला ओग्रे, रजनी पटेल, महेश्वरी पटेल, रितु पटेल, अवधा, मुस्कान, आकाश, कृष्णा, राजकुमारी, जुगेश पटेल, महिमा, गितेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### सौरभ चक्रवर्ती



**कोरबा**। कोरबा निवासी सौरभ चक्रवर्ती का निधन रायपुर में हो गया। उनका इलाज रायपुर के अस्पताल में चल रहा था। वे अपने पीछे पत्नी सुप्रिया चक्रवर्ती और मां संगीता चक्रबर्ती सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रायपुर के मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में स्वजन एवं मित्रजन उपस्थित रहे।

## भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाज प्रमुख, कर्मचारी संघ के साथ-साथ गणमान्य नागरिक हुए शामिल

# उद्योग मंत्री के निवास में मनी होली, जमा फाग का रंग



होली मनाते उद्योग मंत्री के स ाथ भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य उद्योग और श्रममंत्री लखनलाल देवांगन के चारपारा कोहड़िया स्थित निवास स्थान में हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। मंत्री श्री देवांगन के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। सुबह से ही मंत्री निवास पर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटनी शुरु हो गई थी। मंत्री श्री देवांगन ने सभी को रंग लगाया, गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा की होली का त्योहार हमें गिले-शिकवे भूलाकर आपसी भाईचारे के साथ काम करना सीखाता है।

वाणिज्य उद्योग और श्रममंत्री लखनलाल देवांगन ने जिलेवासियों से मिल-जुलकर जिले व प्रदेश के विकास में योगदान देने की बात की। होली के इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 4 जून को एक बार फिर प्रदेश में होली मनाएंगे।उन्होंने कहा की खुशियों का यह रंगोत्सव आप सभी के जीवन में समृद्धि व सद्भाव का रंग लाए और नई ऊर्जा के संचार का माध्यम बने। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विस्वकर्मा, बालको मंडल अध्यक्ष शिव बालक तोमर, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, बांकीमोंग्रा मंडल के पूर्व अध्यक्ष भागवत विश्वकर्मा, महामंत्री मनीष मिश्रा, सतनामी कल्याण समिति के प्रमुख यूडी महिलांगे, प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, पार्षद नरेंद्र देवांगन, निज सचिव नरेंद्र पाटनवार, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी, पार्षद गोलू पांडे, माधव जायसवाल, लुकेस्वर चौहान, विजय साहू, धनश्री साहू, हरदीबाजार मंडल के पूर्व अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, राजेन्द्र अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, नारायण ठाकुर, तुलसी ठाकुर, अनिल यादव, रामकुमार राठौर, जय वीरा, सन्नी सिंह, युवा मोर्चा के मंत्री वैभव शर्मा, कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ता व आमजन नागरिक व विभिन्न समाजों के प्रमुख अधिक संख्या में होली मिलन समारोह में शामिल हुए।

## सादगी पूर्वक गुलाल एवं हल्दी का चंदन टीका लगाकर खेली होली



विधानसभा पूर्व अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कोरबा पाटीदार भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए और सभी के साथ पुष्प होली खेलते हुए खुलकर उनको गले लगाया। 26 मार्च मंगलवार को कोरबा के पाटीदार भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के साथ शामिल पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. चरणदास महंत ने स्थानीय लोगों के साथ होली खेलकर रंगों के इस त्यौहार को और आनंदमय बना दिया। इस कार्यक्रम में हल्दी, फूल और लोकगीतों का जमकर धमाल हुआ। डॉ. महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत घंटों तक शहर वासियों के बीच रहे। इस दौरान होली लोकगीतों पर लोग झूमे और डॉ. महंत उनका उत्साहवर्धन करते रहे। महंत दम्पत्ति की लोकप्रियता का ऑकलन इसी बात से किया जा सकता है कि नगर के बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चे सहित सभी डॉ. महंत और सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के साथ फुलों की होली खेलने के लिए पाटीदार भवन में उमड़ पड़े। इस दौरान होली लोकगीतों पर लोग झूमे और डॉ. महंत उनका उत्साहवर्धन करते रहे। इस दौरान डॉ. महंत ने सादगी पूर्वक लोगों को गुलाल एवं हल्दी का चंदन टीका लगाकर उनके साथ होली खेली। इस मौके पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, कांग्रेस नेता विष्णु तिवारी, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्याम सुंदर सोनी, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती उषा तिवारी, जगदीश मेहर, संतोष राय, हदेराम तिवारी, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, श्रीमती सपना चौहान, हरीश परसाई, सुरेश सहगल, श्रीकांत बुधिया, सुरेन्द्र लांबा, बी एन सिंह, अवधेश सिंह, संतोष राठौर, सनीष कुमार, दुष्यंत शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, गोरेलाल यादव, राजीव लखनपाल, अजीत दास महंत, प्रमोद राठौर, मदन राठौर, कुसुम द्विवेदी, मस्तूल सिंह कंवर, रोपा तिर्की, प्रदीप जायसवाल, पालूराम साहू, रवि चंदेल, अरुण वर्मा, धरम निर्मले, दिनेश सोनी, मुकेश राठौर, राजेन्द्र सूर्यवंशी, कृपाराम साहू, गंगाराम भारद्वाज, बद्री किरण, देवी दयाल सोनी, रूपा मिश्रा, बच्चू मखवानी, रामगोपाल यादव, सनंद दीवान, गीता गभेल, आरीफ खान, गीता महंत, लक्ष्मी महंत, माधुरी ध्रुव, मनीषा अग्रवाल, क्रांति सोनी, द्रोपति तिवारी, प्रेमलता मिश्रा, अरविंद शर्मा, शंभूसिंह, विकास डालमिया, भुनेश्वरी देवी, शांता मांडावे, शशी अग्रवाल, सीमा उपाध्याय सहित कई नेता भी मौजूद नजर आए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. महंत के सादगी भरे अंदाज ने एक बार फिर लोगों को दिल जीत लिया। होली मिलन समारोह का जश्न देर शाम तक चलता रहा।

## पूर्व मंत्री के निवास स्थल पर मनाया गया होली का पर्व



वर्षो से चली आ रही होली मिलन समारोह का परंपरा पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के निवास पर रंगो का त्यौहार आज बड़े ही धूम-धाम से साथ मनाया गया। होली पर्व के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोरबा वासियों के साथ जयसिंह अग्रवाल ने शालीनता के साथ अबीर-गुलाल से होली खेली। इस मौके पर व्यापारी बंधु, सामाजिक पदाधिकारी, विभिन्न क्लब, संघ, संगठन, राजनैतिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित आम और खास सबने मिल जूल कर अबीर गुलाल के साथ होली खेली। जयसिंह अग्रवाल ने खुद सब अतिथियों को अबीर गुलाल लगाया। आगुंतक सभी अतिथियों ने लजीज जलपान का लुत्फ उठाया। साथ ही होली के अमर फिल्मी गीतों पर थिरकते दिखे।

## बीएनजी पब्लिक स्कूल में छात्रों ने खेली होली

बीएनजी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में होली का त्योहार छात्रों ने शिक्षकों के साथ आशीर्वाद लेकर मनाया। इस दौरान शिक्षकों ने होली के पर्व पर बच्चों को आशीर्वाद के रूप में सभी से प्रेम, भाईचारा, सौहार्द के साथ वैचारिक मतभेद दूर कर यह रंगों भरा त्योहार मनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। साथ ही अच्छी शिक्षा और पढ़ने के लिए प्रेरणा भी दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मनोहरलाल गुरुद्वान, संस्था प्रमुख रमाकांत गुरुद्वान, प्रचार्य आशीष राठौर, मनमोहन खांडे, अनिता पाटकर, जितेंद्र श्रीवास, शमसाद बेगम सहित शिक्षकगण एवं स्कूल के छात्र उपस्थित रहे।



## आशीर्वाद पाइंट में भाजपा प्रत्याशी ने खेली फूलों की होली



आशीर्वाद पॉइंट में आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता होली मिलन आयोजन से काफी उत्साहित नजर आ रहे। इस होली की विशेषता यह रही कि यह रंग एवं गुलाल से नहीं बल्कि फूलों की पंखुड़ियों से खेली गई। जिला अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा कोरबा, रामपुर, कटघोरा एवं पाली तानाखार के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ.सुश्री सरोज पांडे के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने फूलों की होली खेलने उत्साहित नजर आए। होली के गानों पर भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे छत्तीसगढ़ राज्य के कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के साथ जिले के चारों विधानसभाओं से आए हुए भाजपा के कार्यकर्ता जमकर थिरके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर, पाली तानाखार विधानसभा प्रत्याशी रामदयाल उईके, भाजपा कोरबा जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, कोरबा लोकसभा सहसंयोजक मनोज शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, पवन गर्ग, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिले के पदाधिकारी, कार्य समिति के सदस्य, मंडलों के अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं जिले के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे पत्रकार बंधु, समाज के अन्य गणमान्य नागरिको सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बालकोनगर में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

साहू समाज बालकोनगर द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन बालकों में प्रेम विश्वास और बंधुत्व का प्रतीक होली मिलन समारोह सह झमाझम फाग गीत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की आराध्या भक्त माता कर्मा के तैलचित्र में दीप प्रज्वल एवं आरती के साथ हुआ। तत्पश्चात समाज द्वारा नवाचार करतें हुए झमाझम फाग गीत का आयोजन हुआ जिसके एक से बड़कर एक गीत नगाड़ों व मांदर की थाप ने उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं को दिल खोलकर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। सभी सदस्यों ने मन भरकर रंगोत्सव के पावन पर्व का आनंद लिया व होली मिलन समारोह कार्यक्रम को शिखर कलश प्रदान किया। समाज के संरक्षक गोरेलाल साहूजी ने कार्यक्रम की खूब सराहना की व सभी स्वजातीय बंधुओ को शुभकामनाएं प्रेषित किया। समाज द्वारा खेल के माध्यम से इस वर्ष महामूर्ख का खिताब पूर्वी साहू पिता रविकांत साहू ने जीता। इस अवसर पर समाज के अमरदास साहू, डिकेश्वर साहू, टिकेंद्र साहू, लेखराम साहू, कलेशराम साहू, भूषण साहू, राजकुमार साहू, कृष्णा साहू, हिमानी साहू, लक्ष्मी साहू, शरद साहू, रविकांत साहू, खोमलाल साहू, सुदामा साहू, संतु प्रसाद साहू, रेवा शंकर साहू, धरम साहू, तामेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।



## पुलिस ने बुजुर्गों के साथ मनाई होली



हसदेव नदी के तट पर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के चेहरे पर उस समय खुशी की चमक दिखी, जब पुलिस होली के अवसर पर सर्वमंगला पुलिस की टीम जा पहुंची। पुलिस अफसर और जवानो ने बुजुर्गों के साथ पर्व की खुशियां साझा की। उनकी सेहत जानी, मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद भी लिया। सर्वमंगला पुलिस की अनुकरणीय पहल के कारण घर परिवार से दूर एकाकी जीवन व्यतीत करने वाले बुजुर्गों की होली भी खुशनुमा हो गई। आश्रम के बुजुर्गों की होली खुशनुमा बनाते हुए सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी ने विशेष पहल की। सोमवार को जहां आम नागरिकों ने होली मनाई, दूसरे दिन की परंपरा आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को जिले भर की पुलिस ने जमकर रंग गुलाल उड़ाए। इसी कड़ी में सर्वमंगला चौकी प्रभारी ने मंगलवार को अपनी यह होली आश्रम के बुजुर्गों के साथ सेलीब्रेट की। उन्होंने न केवल वरिष्ठजनों के साथ रंग पर्व की खुशियां साझा की, उनका मुंह मीठा कराया और उनका आशीर्वाद लिया।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा शतप्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत नियमित रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिले में जारी हैं। इसी कड़ी में शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय के एनएसएस और ईएलसी क्लब के द्वारा होली के अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान को प्रेरित करने वाले आकर्षक रंगोली एवं मेहंदी बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसी प्रकार कमला नेहरू महाविद्यालय के ईएलसी क्लब के सदस्यों द्वारा रंगो के त्यौहार में घर-घर




जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से आमजनों को मतदान की उपयोगिता की जानकारी देते हुए लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आमजनों को अनिवार्य मतदान हेतु मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गयी।

# नारा लेखन प्रतियोगिता से मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। आज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय पीजी महाविद्यालय कोरबा की प्राचार्या डॉ. साधना खरे, मुख्य अभियंता की उपस्थिति में अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदान करने शपथ



मतदाता कार्यक्रम में शामिल अतिथि एवं बच्चे।

दिलाई गई। इसी तरह स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा एवं हसदेव एजुकेशन कॉलेज आमापाली में कोरबा में नारा लेखन प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में आज शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नात्कोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. साधना खरे एवं बलराम कुर्रे महाविद्यालय स्तरीय स्वीप नोडल अधिकारी एवं सहायक प्रध्यापक कि उपस्थिति में ''स्वीप की गतिविधियॉ संचालित कर मतदाताओं को कैसे जागरूक किया जाए के विषय में बताया गया और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने मतदान के महत्व को समझाते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को जागरूक किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक डॉ. हेमंत सचदेवा ने कहा कि हमें निश्चित रूप से मतदान करना चाहिए। हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए, एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट देनें का अधिकार है इसका हमें उपयोंग भी करना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव कंसल, एल.एन. सूर्यवंशी, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी, मुख्य रसायनज्ञ सह वरिष्ठ कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिदार एवं बडी.संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## भारत की आइकॉनिक एल्युमिनियम उत्पादक बालको यह सर्टिफिकेट पाने वाली देश की पहली कंपनी

# वेदांता बालको ने हासिल किया एएसआई का परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता एल्युमिनियम की इकाई भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने कोरबा, छत्तीसगढ़ स्थित अपने संयंत्र में प्राथमिक एल्युमिनियम उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई के लिए एल्युमिनियम स्टूवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) का परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेशन हासिल किया है। बालको संयंत्र में मॉल्टन एल्युमिनियम (गर्म धातु) उत्पादन हेतु स्मेल्टर के दो पॉटलाइंस तथा एल्युमिनियम को आकार देने के लिए तीन कास्टहाउस और रोल्ड प्रोडक्ट एवं पावर जेनरेशन प्लांट शामिल हैं। ये सब मिलकर बालको की



सालाना 5 लाख 75 हजार टन एल्युमिनियम उत्पादन क्षमता को मुमकिन बनाते हैं।

वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा कि एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेशन प्राप्त कर एएसआई के सदस्यता होने पर हम बालको का स्वागत करते हैं। इस सर्टिफिकेशन में हमारे लो कार्बन ग्रीन एल्युमिनियम रिस्टोरा और रिस्टोरा अल्ट्रा ब्रांड का उत्पादन शामिल है। भारत की आइकॉनिक एल्युमिनियम उत्पादक के तौर पर बालको एल्युमिनियम वैल्यू चैन के प्रत्येक कदम में सस्टेनेबल प्रक्रियाओं के अमल में अग्रणी रही है और वैश्विक उद्योग में स्वयं को एक बेंचमार्क के रूप में स्थापित किया है। यह सर्टिफिकेशन दायित्वपूर्ण उत्पादन विधियों के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे हमारी टीम को एक सस्टेनेबल दुनिया के निर्माण हेतु एल्युमिनियम की असीम संभावनाओं का उपयोग करने के और नए तरीके तलाशने की प्रेरणा मिलेगी। एल्युमिनियम स्टूवर्डशिप इनिशिएटिव की सीईओ डॉ फियोना सोलोमन ने कहा कि हम बालको को उसकी छत्तीसगढ़ स्थित इंटिग्रेटिड एल्युमिनियम उत्पादन सुविधाओं के लिए परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 (2022) सर्टिफिकेशन हासिल करने पर बधाई देते हैं। भारत की एल्यूमिनिमय उत्पादक एवं वेदांता लिमिटेड - एल्युमिनियम बिज़नेस का हिस्सा होने के नाते बालको वैश्विक एल्युमिनियम उद्योग में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह सर्टिफिकेशन बालको के सस्टेनेबिलिटी सफर में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। कंपनी उन विधियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है पर्यावरण, सामाजिक एवं गवर्नेंस (ईएसजी) की कसौटियों पर खरी उतर सकें। बालको में एल्युमिनियम वायर रॉड, इंगॉट, प्राइमरी फाउंड्री अलॉय और रोल्ड प्रोडक्ट के साथ ही भारत की पहली लो कार्बन एल्युमिनियम रेंज रिस्टोरा का उत्पादन होता है। इन उत्पादों का इस्तेमाल ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, इंसुलेशन, विद्युत परियोजनाओं तथा बिजली का सामान और पैकेजिंग जैसे विभिन्न उद्योगों में होता है। एएसआई का परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली बालको पहली भारतीय कंपनी बन गई है। इससे पहले वेदांता एल्युमिनियम झारसुगुडा, ओडिशा स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर स्थित अपने स्मेल्टर व कैप्टिव पावर प्लांट के लिए एएसआई परफॉरमेंस स्टैंडर्ड वी2 सर्टिफिकेट हासिल कर चुकी है।

## खबर संक्षेप



### 62 लाख के गबन मामले में सहायक शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड कंपनी में रहते हेराफेरी कर 62 लाख रुपए गबन करने के मामले में पुलिस ने फरार सहायक प्रबंधक को भी गिरफ्तार कर लिया है जबकि पूर्व शाखा प्रबंधक को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेस मिलिटेड के ब्रांच मैनेजर जांजगीर चांपा निवासी हीरादास मानिकपुरी द्वारा मणीपुर पुलिस से शिकायत की गई थी कि पूर्व शाखा प्रबंधक अक्षय कुमार टंडन व पूर्व सहायक शाखा प्रबंधक लक्ष्मण यादव द्वारा कंपनी में रहते हुए 62 लाख 18 हजार 279 रुपए की हेराफेरी कर गबन किया गया है। आरोपी ने 54 लाख 18 हजार 279 रुपए नगद व 8 लाख रुपए का गबन केवाईसी के माध्यम से किया था। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 409, 34 के तहत शाखा प्रबंधक अक्षय कुमार टंडन को गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि सहायक शाखा प्रबंधक फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा पूर्व शाखा प्रबंधक मूलतः महासमुंद पिथौरा निवासी 29 वर्षीय लक्ष्मण यादव हाल मुकाम गांधीनगर डिगमा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि पूर्व शाखा प्रबंधक के कहने पर लोगों का केवाईसी के माध्यम से लोन खाता तथा अन्य खाता खोला गया। इस दौरान दोनों ने लोगों के फेक खाता खोलकर कस्टमर के पैसों की हेराफेरी की गई और कलेक्शन किए गए पैसों को कंपनी के खाते में जमा नहीं करते हुए दोनों ने अपने निजी कार्य में खर्च किया। आरोपी ने गबन के पैसों से घरेलु वस्तुएं, सामान, जेवर, मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि की खरीदी की। पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण यादव को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना मणीपुर से प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, सायबर सेल से प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, मनीष सिंह इत्यादि सक्रिय रहे।

### मधुमक्खियों के हमले से महिला की मौत

**डोमनहिल।** चिरमिरी गोदरीपारा बी-टाइप में रहने वाले महिला पर मधुमक्खियों ने अमला कर दिया,



इससे महिला की मौत हो गई, वहीं महिला का पति घायल है। घटना मंगलवार की दोपहर की है। महिला छत पर कपड़े सूखाने के लिए गई हुई थी, इसी दौरान मधुमक्खियों ने महिला पर हमला कर दिया। दरअसल घर के पास ही पीपल का पेड़ है,इस पर मधुमक्खियों का छत्ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिटी केबल में कार्य करने वाले कमलेश सिंह की पत्नी श्रीमती माला सिंह मंगलवार को कपड़े सूखाने के लिए छत पर गई थी। इसी दौरान अचानक छत पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। कमलेश पत्नी को बचाने के लिए छत पर गए, तो मधुमक्खियों ने उन्हें भी डंक मारा। बताया जा रहा है कि किसी कारण से मधुमक्खियां भड़क गई थीं और छत पर कपड़ा सूखाने गई महिला पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने मोहल्ले के अन्य लोगों को भी डंक मारा है, हालांकि वे प्राथमिक उपचार के बाद ठीक हो गए। इधर मधुमक्खियों के हमले में महिला की दर्दनाक मौत के बाद गोदरीपारा में होली की खुशियां दुखः के माहौल में बदल गई। महिला के पति कमलेश ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले के बाद पत्नी को गंभीर हालत में रीजनल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था, जहां उसने दम तोड़ दिया।

### उधार के 100 रुपए मांगने पर युवक ने किया महिला पर टांगी से हमला

**अंबिकापुर।** उधार में दिए गए 100 रुपए मांगने गई महिला पर युवक ने महिला के साथ ही पत्नी व भाई पर टांगी से हमला कर दिया। इस घटना में महिला को गंभीर चोट आई है। घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का प्रयास के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनिया निवासी सुखनी बाई उर्फ मनई पति बागेश्वर मांझी 24 मार्च को दोपहर एक बजे गांव के सबल मांझी के पास अपना उधारी पैसा 100 रुपए मांगने गई हुई थी। इस दौरान आरोपी ने उससे कहा कि होली के दिन पैसा मांगने आई है और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने टांगी से महिला पर हमला कर दिया जिससे उसके बाएं कंधे पर चोट आई है। विवाद के दौरान बीच बचाव करने आई सबल साय की पत्नी लटी बाई और भाई इंजोर साय पर भी जानलेवा हमला कर दिया घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही महिला की शिकायत पर पुलिस द्वारा ग्राम कुनिया निवासी 35 वर्षीय सबल माझी आ. जमुना माझी को धारा 294, 506, 323, 307 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना कमलेश्वरपुर से प्रधान आरक्षक अखिलेश भगत, आरक्षक देवदत्त सिंह, आदेश कुमार आदि सक्रिय रहे।

### हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामानुजनगर।** रिश्तेदार को घर में भोजन पर बुलाकर टांगी से हत्या करने के बाद फरार आरोपी का पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना कारित टांगा जब्त किया है। ग्राम दुर्गापुर निवासी भगमनिया ने रामानुजनगर थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि होली के त्यौहार में पड़ोसी रिश्तेदार जगलाल सिंह के बुलावे पर शाम को पति मोतीलाल के साथ गए थे। जगलाल व उसके परिजन खा पी रहे थे। इस बीच भगमनिया घर आ गई जबकि पति रिश्तेदार के घर में ही था। इधर पुत्र पिता को बुलाने गया तो उसके होश उड़ गए। पिता लहूलुहान हालत में मृत पड़ा था। घटना की जानकारी लगते ही पत्नी घर गई तो जगलाल की पत्नी ने बताई कि मामा-भांजा किसी पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे और जगलाल घर से टांगा निकाल कर मोतीलाल गर्दन पर प्राणघात हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर आरोपी जगलाल सिंह आ. स्व. अतिबल (58 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

#### जल संसाधन विभाग ने कराया था निर्माण, खुल गई पोल

# सिंचाई विभाग के नहर का तटबंध टूटा, मरम्मत कार्य की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल संसाधन विभाग के द्वारा हसदेव दायीं तट नहर के मरम्मत का कार्य एक वर्ष पूर्व ही कराया गया था। कार्य की गुणवत्ता किस स्तर की थी इसकी पोल उस समय खुल गई, जब सीतामणी क्षेत्र से गुजरने वाली

**खास बात**

- बार बार टूटता है दायीं तट की नहर

नहर का तटबंध मिट्टी धंसकने से टूट गया और लाखों लीटर पानी बेकार बह गया। इससे जाहिर है कि जल संसाधन विभाग के द्वारा नहर के मरम्मत हेतु कराए जाने वाले कार्य की गुणवत्ता पर उदासीनता बरती जा रही है, तटबंध टूटने की यह पहली घटना नहीं है।

सिंचाई विभाग के द्वारा अपने बारात से निकलने वाली दायीं और बायीं तट नहर के मरम्मत के लिए टेंडर के द्वारा कार्य कराया जाता है। उसके कार्यों में किस तरह की गुणवत्ता रहती है इसके नजारे कुदुरमाल नहर तटबंध से लेकर बिरतराई से गुजरने वाली नहर के तटबंध के टूटने से दिखाई



तटबंध टूटने से खेत और बाड़ी में बहता पानी।

पड़ा है। ग्रामीण अंचलों से गुजरने वाली हसदेव दायीं तट नहर से करतला ब्लॉक के मैदानी क्षेत्रों में सिंचाई के लिए पानी मिलता है और उस नहर के मरम्मत को लेकर कितनी गंभीरता बरती जाती है यह नहर के तटबध को बोरी से भरकर रखा जा रहा है। इसी से जाहिर होता है कि ठेके से होने वाले कार्य में कितनी गंभीरता बरती जा रही है। नहर के मरम्मत कार्य के सुवपरविजन के लिए विभाग के सब इंजीनियर से लेकर टाइम कीपर तक तैनात हैं, जिनके द्वारा नहर लाइनिंग के कार्य का सुपर विजन किया जाता है। नहर लाइनिंग के लिए बार-बार टेंडर निकाले जाने से लेकर उसके सुपरविजन तक गड़बड़ियों का खेल भी तटबंध के टूटने से सामने आता है। एक दिन पूर्व करतला क्षेत्र से गुजरने वाले दायीं तट नहर के तटबंध के बीच में एक बड़े होल से रात में ही पानी बहने लगा था। जिसकी जानकारी सुबह ग्रामीणों को नहर की ओर जाने के दौरान हुई। इसकी सूचना ग्राम के सरपंच के द्वारा सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को दिए जाने पर जब तक उनके कर्मचारी मरम्मत के लिए घटना स्थल पहुंचते तब तक लगातार नहर का पानी बह रहा था। ग्रामीणों के मुबाबिक लाखों लीटर पानी खेत और उनके बाड़ी से होकर हसदेव नदी में जाकर मिल गया है। किसानों ने बताया कि ये पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी सीतामढ़ी क्षेत्र में एक बड़ा हिस्सा का मध्य तटबंध टूट गया था। इसके बाद पानी आसपास के घरों में घुस गया था। इस घटना के बाद हाहाकार मच गया था। इसके बाद काफी लंबे समय तक मरम्मत कार्य चला। नहर का तटबंध टूटने की जानकारी मिलने पर जल संसाधन विभाग की इंजीनियर मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि रात लगभग 10 बजे तटबंध के टूटने की जानकारी विभाग को मिली थी। आगे का काम शुरू किया जाएगा। जल संसाधन विभाग नहर के टूटे हिस्से को दुरुस्त करने में लगा हुआ है। नहर के कई हिस्से जर्जर हो चुके हैं, जिसका समय-समय पर मरम्मत नहीं होने से वर्तमान में स्थिति बेहाल है। कई जगहों पर बोरे से रेत भरकर बांधा गया है। वहीं कई जगह टूटने की स्थिति है। समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी घटना घट सकती है।

## योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी, महिला जेल गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र और राज्य सरकार आम लोगों के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाऐं चला रही है। इन योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले भी सक्रिय हैं, जो सरकारी दफ्तरों में पदस्थ अफसर से जान पहचान का दावा भी करते हैं। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार की है। उसने दर्जनों लोगों से योजना का लाभ दिलाने के बहाने ठगी की घटना को अंजाम दिया है। मामले में वै धा नि क कार्रवाई उपरांत महिला को जेल दाखिल कर दिया गया है।



आरोपी महिला।

**खास बात**

- ऊंची पहुंच का झांसा देकर महिलाओं को दिखाती थी सब्जबाग

मामला मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की है जहां मुड़ापार बस्ती में सविता श्रीवास नामक महिला निवास करती है। उसके पास बुधवारी बस्ती इलाके में रहने वाली साजदा बेगम नामक महिला पहुंची। साजदा बेगम ने बातों बातों मे सविता से जान पहचान बढ़ा ली। इसके बाद महिला ने राज्य व केंद्र सरकारी द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ दिलाने सब्जबाग दिखाना शुरू कर दी। वह सरकारी दफ्तरों मे पदस्थ अफसरों से अच्छी जान पहचान होने के दावे भी करती थी, जिससे सविता भी उसकी बातों में आ गई। उसने सरकारी योजना का लाभ लेने साजदा बेगम को रकम दे दिए। इस बीच मोहल्ले की कई अन्य महिलाऐं भी साजदा के संपर्क में आ गई। उन्होंने भी साजदा को पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने रकम दे दिए। साजदा ने उनसे करीब 27 हजार रूपए ले लिए, लेकिन महिलाओं को योजना का लाभ नही दिला सकी। उसकी गोलमोल बातों से महिलाओं को संदेह हो गया। उन्होने मामले की शिकायत मानिकपुर पुलिस चौकी में की। मामले की शिकायत के बाद चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू ने आला अफसरों को अवगत कराया। चौकी प्रभारी श्री साहू ने अपनी टीम के साथ साजदा बेगम से पूछताछ की। इस दौरान उसने महिलाओं से रकम लेने की बात स्वीकार कर ली। मामले में वैधानिक कार्रवाई उपरांत आरोपी साजदा बेगम को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## यातायात पुलिस ने 188 लोगों पर की लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के

**खास बात**

- तीन माह तक लाइसेंस रहेगा निलंबित, दोबारा होने पर लाइसेंस होगा निरस्त

द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख़्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया। अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाना 134, ओवर स्पीड वाहन चलाना 16, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना 32, धारा 304 भादवि के



कार्यवाही करती पुलिस।

तहत 6 कार्यवाही की गई। इस दौरान वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया। पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई।आगे भी पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी।

## जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो आरोपी जेल गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग की टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब पेट्रोलिंग के दौरान जंगल में लगी आग को बुझाने जा पहुंचे। वनकर्मी

**खास बात**

- पेट्रोलिंग के दौरान वन विभाग के हत्थे चढ़े शिकारी

व फायर वाचरों को अपनी ओर आते देख शिकारी भागने लगे। उनमें से दो लोगों को टीम ने पकड़ लिया। टीम ने जब तलाशी ली तो उसके पास रखे झोले से जंगली सुअर का कान, थूथन व मांस के अलावा बर्तन तथा टंगिया बरामद हुआ। मामले में वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए शिकारियों को जेल दाखिल कराया गया है।

मामला कोरबा वनमंडल के वन परिक्षेत्र करतला की है। दरअसल वनमंडलाधिकारी ने होली पर्व के दौरान जंगल की सुरक्षा के लिए गश्त तेज करने के निर्देश जारी किए थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त औजार तथा जंगली सुअर के अवशेष।

उनके निर्देश एसडीओ दक्षिण सूर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन तथा करतला वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान के नेतृत्व में वन अमला होली की पूर्व संध्या गश्त मे जुटा हुआ था। इसके अलावा जंगल को आग से बचाने फायर वाचरों को भी लगाया था। वन विभाग की पेट्रोलिंग पार्टी चिकनीपाली परिसर के कक्ष क्रमांक पी 1168 ग्राम चीताखोल की ओर निकली थी। इस बीच वन अमले को चीताखोल के जंगल में आग की लपटें दिखाई दी। वन विभाग की टीम फायर वाचरों के साथ जंगल में लगी आग को बुझाने जा पहुंचे। वे आग को बुझाते हुए जंगल के भीतर पहुंच गए। उन्हें अपनी ओर आते देख जंगली सुअर का शिकार करने वाले शिकारी घबरा गए। वे इधर उधर भागने लगे। इस बीच शिकारियों पर वनकर्मियों की नजर उन पर पड़ गई। उन्होंने संदेह होने पर दो लोगों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम चीताखोल निवासी संतोष कुमार व निलांबर बताया। उनके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर वनकर्मी भी भौचक रह गए। दरअसल झोले में जंगली सुअर के कान व थूथन व मांस था, जो ताजा था। इसके अलाव बर्तन, कुल्हाड़ी, नमक व माचिस सहित अन्य सामान मिले। पूछताछ कें दोनों ग्रामीणों ने साथियों के साथ जंगली सुअर का शिकार करना स्वीकार कर लिया। मामले में वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एंव भावअ 1927 की धारा 33(1)घ तथा अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियो को जेल दाखिल किया गया है। मामले में जांच उपरांत अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। इस कार्रवाई में रेंजर श्री चौहान के नेतृत्व में बरपाली सर्किक प्रभारी बिरेश कुमार शुक्ला के अलावा गीता नेताम, चंद्रशेखर सिंह, कपिल कुमार कंवर, विजयेंद्र सिंह नेटी, विष्णु साहू, सुकलाल कंवर के अलावा अन्य की सराहनीय भूमिका रही।वन विभाग की टीम ने जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो ग्रामीणों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि उनके साथ कई अन्य लोग भी थे। उन्होनें जंगल के आग लगाकर सुअर का शिकार किया था। तत्पश्चात आपस में मांस का बंटवारा कर लिया। टीम के हत्थे चढ़े शिकारी दवा बनाने के लिए जंगली सुअर के कान व थूथन को ले जा रहे थे।

## कांग्रेस नेता देवांगन ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस नेता नरेश देवांगन ने अंततः कांग्रेस छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया है। पिछले दिनों भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय और उनकी मुलाकात हुई थी। इस दौरान उपस्थित लोगों के समक्ष नरेश देवांगन ने सरोज पांडेय को समर्थन देते हुए भाजपा में जाने का निर्णय लिया। सरोज पांडेय ने नरेश देवांगन को भाजपा में प्रवेश कराया है।

कांग्रेसियों के भारतीय जनता पार्टी में ऐन चुनाव के वक्त प्रवेश को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। पाली में हुए घटनाक्रम से भाजपा ने



भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के साथ नरेश देवांगन एवं अन्य।

सबक ली है। इसके बाद कुसमुंडा में करीब 12 सौ लोगों का होने वाला भाजपा प्रवेश रद्द करना पड़ा। कटघोरा विधानसभा के कांग्रेस नेताओं के प्रवेश को लेकर एक बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा अंदरूनी तौर पर तैयार की जा रही थी लेकिन जगह-जगह पर भाजपाईयों के द्वारा ही कथित कांग्रेसियों के प्रवेश को लेकर शुरू होने वाले विवादों के मद्देनजर भाजपा ने फूंक-फूंक कर कदम रखने की ठानी है। कांग्रेस नेता नरेश देवांगन का बिना किसी ताम झाम के और बड़े ही गोपनीय तरीके से भाजपा में प्रवेश होना इसका एक हिस्सा है। सूत्र बताते हैं कि नरेश देवांगन पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कोरबा प्रवास के दौरान उनके निवास स्थान अथवा प्रतिष्ठान के समक्ष स्वागत सत्कार के लिए नहीं रुकने के कारण नाराज चल रहे हैं। उनकी यह नाराजगी और संगठन में घट रही पूछ परख ने काफी आहत किया और श्री देवांगन ने कांग्रेस छोड़ने का निर्णय लिया।

## भवानी मंदिर के समीप नदी में लाश, पुलिस ने शुरू की जांच

**कोरबा।** बालको थाना के अंतर्गत आने वाले भवानी मंदिर के समीप बने बैच मिक्स प्लांट के नीचे नदी में एक लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। लाश मिलने की ख़बर मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंचकर लाश शिनाख्त में जुट गई है। बता दें कि दर्री डेम के नीचे वाले एरिया में बैच मिक्स प्लांट के समीप उस समय हड़कंप मच गया। जब एक व्यक्ति की नजर नदी किनारे तैरते लाश पर पड़ी। नदी में तैर रहे लाश की सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना के बाद दर्री पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। जानकारी मिलने तक शव पुरुष की या महिला की यह पता नहीं चल सका है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### बिजली की बढ़ती...

डिमांड 5500 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। बढ़ती डिमांड को देखते हुए संयंत्रों में पर्याप्त कोयला आपूर्ति पर जोर दिया जा रहा है, ताकि संयंत्रों में कोयले की कमी से उत्पादन गतिविधि प्रभावित न हो।

### एसईसीएल की...

आगामी दिनों में कोयला उत्पादन और डिस्पैच की रफ्तार पहले की तरह जारी रहने की उम्मीद अधिकारियों ने जताई है।

#### धूं-धूं कर सुलगता रहा कोयला, फायर ब्रिगेड को नहीं दी सूचना

# रेलवे स्टेशन के पास कोयले के स्टॉक पर लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे स्टेशन के समीप स्थित निजी कोल साईडिंग में कोयले की ढेर से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते धुंआ आग में तब्दील हो गया। कर्मचारी कोयले में लगी आग को बुझाने दमकल विभाग को सूचना देने के बजाय खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे, लेकिन उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। देर रात तक कोयला स्टॉक में आग की लपटें निकलती रही। जिस तरह से प्राइवेट कोल साइडिंग में आग लगने की घटना हो रही है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा रेलवे स्टेशन में सेकेंड एंट्री के समीप निजी कोल साइडिंग बनाया गया है। यहां खदानों से निकलने वाली ओवर लोड



रेलसे स्टेशन स्थित कोल साइडिंग जहां लगी आग।

मालगाड़ी से कोयला को खाली कराया जाता है। इस कोयले को भारी वाहनों की मदद से संबंधित को भेजा जाता है। इसके लिए संदेश ट्रेडर्स नामक कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कंपनी द्वारा विभिन्न क्षेत्र में भेजे जाने वाले मालगाड़ी से कोयले को खाली करा साईडिंग में रखा गया है। कोयले का स्टॉक पहाड़ का रूप ले चुका है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह लोगों की आवाजाही चल रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों की नजर कोल स्टॉक पर पड़ी, जिससे धुआं निकल रहा था। जिसकी जानकारी कंपनी के कर्मचारियों को दी गई। सूचना मिलने पर कर्मी मौके पर पहुंचे तो धुआं आग के रूप में तब्दील हो चुका था। इस आग ने कोयला के स्टॉक के अधिकांश हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था। जिसे सामान्य रूप से पानी का छिडक़ाव कर बुझा पाना संभव नहीं था। इसके बावजूद कर्मचारी दमकल विभाग को सूचना देने के बजाय खुद ही पानी का छिडक़ाव कर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। इसके लिए समीप ही स्थित डबरीनुमा गड्ढे में पाइप लगाकर पानी की व्यवस्था की गई थी। कर्मचारियों ने लगातार प्रयास के बाद काफी हद तक आग पर काबू तो पाया, लेकिन पूरी तरह बूझा नही सके। देर शाम तक कोल स्टॉक से आग की लपटें निकलती रही। खासबात तो यह है कि रेलवे स्टेशन के समीप स्थित प्राइवेट कोल साइडिंग में कोयले के स्टॉक पर आग लगने की पहली घटना नही है। यहां आए दिन कोयल की ढेर में आगजनी की घटना घटित होते रहती है। रेलवे स्टेशन के सेकेंड एंटी के समीप प्राईवेट कोल साईडिंग का निर्माण किया गया है। कोल साईडिंग में प्रतिदिन भारी मात्रा में मालगाड़ी से कोयला खाली किया जाता है,जिससे उडऩे वाली धूल के कारण सेकेंड एंट्री से आवजाही करने वालों को परेशानी होती है। खासबात तो यह है कि कोयले के स्टॉक में आए दिन आग लगने की घटना घटित हो रही है। इस दौरान कोयले की ढेर से निकलने वाली धुआं के कारण आसपास का क्षेत्र प्रदूषित हो रहा है। लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।



20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

# जिले में होलिका दहन के दिन 4 करोड़ की शराब गटक गए मदिरा प्रेमी

## सामान्य दिनों की अपेक्षा एक दिन में ढाई गुना बिकी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


होली के अवसर पर शराब की बेतहासा बिक्री हुई। आम दिनों में जहां सवा करोड़ की बिक्री प्रतिदिन होती है, किंतु होलिका दहन के दिन यह बिक्री 4 करोड़ के आंकड़े को छू गई। हालांकि इसके दो दिन पूर्व तक यह आंकड़ा सवा 3 करोड़ से 3.5 करोड़ तक रहा। एक दिन में ही 4 करोड़ की बिक्री से आबकारी विभाग को हुई राजस्व आय ने रिकार्ड बनाया है।

अलग खबर

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में चलने वाली शराब दुकानों में भीड़ तो आमतौर पर हमेशा नजर आती है, किंतु होलिका दहन के दिन बिक्री ने अब तक की बिक्री से कहीं आगे निकल गई। आबकारी विभाग के मुताबिक सामान्य दिनों में शराब की बिक्री न्यूनतम सवा करोड़ होती है। कभी-कभी यह आंकड़ा डेढ़ करोड़ तक भी पहुंच जाता है। वर्तमान में एक ही दुकान से देशी व विदेशी मदिरा की बिक्री नई आबकारी नीति के तहत हो रही है। पूर्व में देशी और विदेशी मदिरा के लिए अलग-अलग दुकानें हुआ करती थी, किंतु नई आबकारी नीति के बाद दोनों शराब एक दुकान से ही बिक्री की जा रही है। दुकान में भीड़ उमड़ने का एक कारण यह भी है। राजस्व आय की दृष्टि से नजर दौड़ाए तो रामपुर, मुड़ापार, राताखार, बालको की शराब दुकान से सर्वाधिक राजस्व आय होती है। राजस्व आय के मामले में अगर कटघोरा क्षेत्र के आंकड़े पर गौर करें तो दीपका व कुसमुंडा शराब दुकान से भी सर्वाधिक बिक्री दर्ज की जाती है। होलिका दहन के दिन शहर के 4 बड़ी शराब दुकानों के अलावा कुसमुंडा और दीपका व दर्री में सर्वाधिक बिक्री हुई है। होलिका दहन के दिन शराब दुकान प्रतिदिन सुबह 10 बजे खुली, लेकिन भीड़ उसके पहले दुकानों में पहुंच चुकी थी। भीड़ का यह सिलसिला शराब दुकानों में रात 10 बजे तक निर्बाध रूप से चलता रहा। शहर के शराब दुकानों के आसपास अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की टीम भी पेट्रोलिंग करती रही। 20 मार्च से लेकर 22 मार्च तक शराब दुकानों से 3.5 करोड़ रूपये की शराब की बिक्री हुई थी। 23 मार्च को यह बिक्री पौने 4 करोड़ रूपये के लगभग हुई, 24 मार्च को होलिका दहन के दिन यह बिक्री 4 करोड़ के आंकड़े को छू गई। एक दिन में 4 करोड़ की मदिरा जिले के मदिरा प्रेमी गटक गए। शराब बिक्री से रिकार्ड आए औद्योगिक क्षेत्र में चलने वाली शराब दुकानों से हुई है और ये सभी शराब दुकान दर्री, बालको और दीपका, कुसमुंडा क्षेत्र की है।

### खास बातें

- सर्वाधिक मुड़ापार, रामपुर, बालको में हुई बिक्री
- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों की शराब दुकानों में उमड़ी भीड़



### हुई अधिक बिक्री

सामान्य दिनों में जिले में शराब दुकानों में बिक्री सवा करोड़ के लगभग रहती है, इससे कम की बिक्री सामान्य दिनों में अब तक दर्ज नहीं की गई है। चार करोड़ की बिक्री केवल होलिका दहन के दिन ही हुई है। एक दिन पूर्व पौने 4 करोड़ रूपये की शराब बिकी थी।

**-सौरभ बख्शी,** सहायक आयुक्त आबकारी विभाग

## खबर संक्षेप

### श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन आज विभिन्न सभा को करेंगे संबोधित



**कोरबा।** वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 28 मार्च को बालकोनगर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर नुक्कड़ सभा में शामिल होंगे। दोपहर 4 बजे मंत्री श्री देवांगन वार्ड क्रमांक 37 डुग्गूपारा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मैदान परिसर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे वार्ड क्रमांक 36 भदरापारा और शाम 6 बजे वार्ड क्रमांक 34, चेकपोस्ट लालघाट में नुक्कड़ सभा में आम जनमानस को लोकसभा चुनाव की दृष्टिकोण से संबोधित करेगें।

### डॉ.अंबेडकर जयंती मनाने संयुक्त आयोजन समिति की बैठक संपन्न

**कोरबा।** संयुक्त आयोजन समिति के द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती 14 अप्रैल को मनाने समिति की सार्वजनिक बैठक सूर्यवंशी समाज के भवन में आयोजित की गई। संयुक्त आयोजन समिति के तत्वाधान में पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में डॉ. अंबेडकर की विचारधाराओं व भारत के संविधान को मानने वाले सभी समाज के लोगों को बैठक में आने का अनुरोध समिति के द्वारा किया गया है। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया।

### अप्रैल और मई माह का एक साथ मिलेगा राशन

**कोरबा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशन कार्डधारियों को अप्रैल एवं मई माह का एकमुश्त राशन अप्रैल माह में प्रदान किया जाएगा। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के कस्टम मिलिंग के पश्चात चांवल उपार्जन के लिए गोदामों में पर्याप्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पीडीएस अंतर्गत सभी प्रचलित राशन कार्ड धारियों को माह अप्रैल एवं मई हेतु पात्रता अनुसार चांवल का वितरण अप्रैल महीने में ही किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा एकमुश्त खाद्यान्न वितरण समय पर किए जाने हेतु ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों के उचित मूल्य दुकानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। चांवल को छोड़कर शेष राशन सामग्री नमक, शक्कर, केरोसिन एवं चना का वितरण माहवार पात्रता अनुसार ही किया जाएगा। जिले के प्रत्येक उचित मूल्य दुकान हेतु चांवल उत्सव की तिथि का निर्धारण कर उत्सव के दिन राशन कार्डधारियों को दो माह का चांवल वितरण करने निर्देशित किया गया है।

### कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कोरबा, पाली व पोडीउपरोडा में कार्यरत कृषि सखियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में 180 कृषि सखी को 6 बैच में प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समूह में जुडे. महिला किसानों तक प्राकृतिक कृषि गतिविधि को विस्तारित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण मैनेज (हैदराबाद) व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा मास्टर ट्रेनर द्वारा दिये गये। उक्त ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण को संपन्न कराया गया है जिसमें वरिष्ठ कृषि सीआरपी का भी सहयोग लिया गया। प्रशिक्षण में जैविक दवा, खाद, मृदा के प्रकार, जल प्रबंधन, कीट प्रबंधन का तकनीक के साथ क्षेत्र भ्रमण भी कराया गया जहां व्यावहारिक जानकारी प्रदाय की गयी। साथ ही वातावरण व स्वास्थ्य में रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव को भी विशेष रूप से फोकस किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एनआरएलएम जिला इकाई व विकासखण्ड इकाई द्वारा संपादित किया गया।

## श्रेणीवार अधिकतम 10 से 50 हजार रुपए का प्रावधान

# आंखों के इलाज के साथ अब चश्मे का भी मिलेगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के अधिकारी कर्मचारियों को चिकित्सा उपस्थिति नियमों के तहत चश्मा प्रतिपूर्ति की राशि मिलेगी। कोल इंडिया के सक्षम प्राधिकारी ने बोर्ड की 461 वीं बैठक में चश्मा प्रतिपूर्ति को शामिल करने की मंजूरी दी है। जिसके तहत 10 हजार से अधिकतम 50 हजार रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में सभी प्रकार के नेत्र रोगों के उपचार का प्रावधान है। इसके तहत अधिकारी कर्मचारियों व उनके परिवार के पात्र सदस्यों के लिए तीन साल में एक बार अप्रवर्तन की त्रुटियों के सुधार के लिए आंखों का परीक्षण व कृत्रिम अंग के प्रावधान की अनुमति दी गई है, लेकिन पूर्व में चश्मे की लागत अस्वीकार्य की गई थी। जिसमें संशोधन करते हुए दो साल के लिए अधिकारी कर्मचारियों के वर्ग विशेष को अधिकतम 50 हजार से 10 रुपए की लागत से चश्मा प्रतिपूर्ति की राशि का प्रावधान किया गया है। नियम और शर्तों की बात करें तो प्रतिपूर्ति सीमा अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके आश्रितों के लिए लागू एक संयुक्त राशि है। 1 अप्रैल 2024 से शुरू होने वाले साल के लिए यह लागू होगी। अधिकतम सीमा के भीतर प्रतिपूर्ति का दावा या तो एक ही बिल में अथवा जब कभी प्रस्क्राइब हो, किया जा सकता है। खरीदी की तारीख पात्रता के सभी उद्देश्यों के लिए गिना जाएगा। इस्तीफे के मामलों में अधिकारी कर्मचारी का इस्तीफा जमा करने के बाद चश्मे की लागत की प्रतिपूर्ति का दावा नहीं किया जा सकेगा। अर्थात नोटिस अवधि के दौरान वे हकदार नहीं है।

### खास बात

- कोयला कर्मियों और अधिकारियों को मिलेगा चश्मा प्रतिपूर्ति राशि

### नेत्र सुरक्षा चश्मे, एंटी ग्लेयर ग्लास के लिए प्रतिपूर्ति नहीं

प्रतिपूर्ति में सीमा केवल दृष्टि सुधार के चश्मे के लिए राशि का प्रावधान है। किसी भी प्रकार के नेत्र सुरक्षा चश्मे, एंटी ग्लेयर ग्लास व गागल आदि के लिए कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। हालांकि नेत्रहीनों को काले चश्मे के लिए प्रतिपूर्ति की अनुमति है। प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया एसएपी मॉड्यूल से होगी। नेत्र रोग विशेषज्ञों के परामर्श, नेत्र परीक्षण, चिकित्सा आदि पर किए गए व्यय प्रतिपूर्ति मौजूदा चिकित्सा नियमों के अनुसार अलग से की जाएगी। योजना के तहत सीमा का हिस्सा नहीं होगा। अधिकारी कर्मचारी को नेत्र विशेषज्ञों की दृष्टि में सुधार हेतु चश्मे लगाने की सलाह का एक प्रीस्क्रीप्सन मूल या फोटो काफी में प्रस्तुत करना होगा जो चश्मा खरीदने की तारीख से 6 महीने पुराना न हो। साथ ही चश्मे पर किए गए व्यय के बिलों के साथ आंखों की दृष्टि में सुधार की सलाह दी गई हो।

### ग्रेड वाइज प्रतिपूर्ति की अधिकतम सीमा

| श्रेणी | अधिकतम राशि |
|---|---|
| बोर्ड स्तर | 50 हजार |
| ई 8 व ई 9 | 45 हजार |
| ई 6 से ई 7 | 35 हजार |
| ई 4 से ई 5 | 30 हजार |
| ई 1 से ई 3 | 20 हजार |
| कर्मचारी | 10 हजार |

# पसान के दर्रीपारा स्कूल घटना की होगी जांच, दिए गए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के पसान क्षेत्र के ग्राम दर्रीपारा प्राथमिक स्कूल में बीते 20 मार्च को स्कूल का शेड गिरने की घटना से 10 बच्चों घायल होने की घटना के बाद प्रशासन ने स्कूल के मरम्मत कार्य के जांच के आदेश दिए हैं। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को इस घटना का जांच अधिकारी बनाया गया है। मरम्मत कार्य शासन के नवाजतन योजना अंतर्गत साढ़े 5 लाख की लागत से किया गया था और एक वर्ष में ही इसकी पोल खुल गई।

राज्य शासन द्वारा जर्जर स्कूलों के मरम्मत के लिए नई योजना शुरू की थी। नवाजतन योजना के नाम से शुरू इस योजना के अंतर्गत ऐसे स्कूलों का मरम्मत कार्य किया जा रहा था, जो विभागीय मद से संभव नहीं था। विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष 5 हजार रूपये की राशि छोटे-छोटे मरम्मत कार्य के लिए जारी की जाती है और इतनी छोटी राशि से बड़े मरम्मत के कार्य संभव नहीं थी। ऐसे कार्यों के लिए राज्य शासन की नवाजतन योजना बीहड़ ग्रामीण अंचल में संचालित स्कूलों के लिए वरदान साबित हुई कई स्कूलों के टूटे-फूटे खप्पर के छत बदलकर उसमें शेड के छत डाले गए। जिससे स्कूलों की तस्वीर तो बदली, किंतु उक्त कार्यों में किस तरह की लापरवाही बरती गई यह 20 मार्च को पसान अंतर्गत आने वाले ग्राम दर्रीपारा की प्राथमिक शाला में नजर आया। जब तेज आंधी से स्कूल के बरामदे का शेड उखड़कर नीचे आ गिरा, जिससे बरामदे में मध्यान्ह भोजन कर रहे बच्चे घायल हो गए। इस घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया और तत्काल विभागीय अधिकारियों से इसकी जानकारी ली। कलेक्टर अजीत बसंत ने बच्चों के घायल होने की घटना को गंभीरता से लिया है और नवाजतन योजना अंतर्गत स्कूल में किए गए नव मरम्मत कार्य के जांच के आदेश दिए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया है कि शेड के नीचे जो पाइप लगाए गए थे उसमें हुक नहीं लगे थे, केवल शेड के ऊपर ईंट की कूपिंग बना दी गई, जो तेज आधी को सह नहीं सकी और उखड़कर गिर गई। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं विभाग को इस घटना का जिम्मेदार बता रहे हैं। यहां यह बताना जरूरी होगा कि मरम्मत कार्य के सुपर विजन के लिए विकासखंड स्तर के अधिकारी भी नहीं पहुंचते हैं। ठेके में चलने वाले कार्य अपने स्तर पर चल रहे हैं।

### जांच हो रही है

दर्रीपारा प्राथमिक स्कूल में जो शेड गिरने की घटना हुई है उसके मरम्मत कार्य की जांच के आदेश दिए गए हैं। आरईएस के कार्यपालन अभियंता इस मामले की जांच करेंगे।

**-अजीत वसंत,** कलेक्टर

# मरीज की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाड़ी स्थित निजी अस्पताल में उस समय बवाल मच गया, जब ईलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। उसे लो बीपी की समस्या होने पर भर्ती कराया गया था। मरीज की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह परिजनों को शांत कराया। मामले में वैधानिक कार्रवाई उपरांत मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है।

मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत दादरखुर्द में सत्यनारायण पटेल 55 वर्ष निवास करता था। उसकी तबीयत गुरूवार को बिगड़ गई। परिजनों ने इलाज के लिए कोसाबाड़ी क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया, जहां तीन दिनों तक उपचार चलता रहा। उसे शनिवार की रात करीब 12 बजे कोसाबाड़ी के समीप निजी चिकित्सायल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा था। मंगलवार की सुबह ईलाज के दौरान सत्यनारायण की मौत हो गई। इसकी भनक लगते ही परिजन आक्रोशित हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही अन्य ग्रामीण भी अस्पताल जा पहुंचे। परिजनों का कहना था कि डॉक्टर ने इलाज में लापरवाही की है। उन्हें मरीज के पास जाने नहीं दिया गया। कर्मचारियों का बर्ताव भी ठीक नहीं था। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर ने अपने स्टाफ से हाथा पाई का आरोप लगाया। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसी तरह परिजनों को समझाईश देकर शांत कराया। इसके साथ ही मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में जांच उपरांत ही मौत की वजह स्पष्ट होगी।

### खास बात

- अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप


हंगामा मचाते परिजन एवं अन्य।

# भालू के हमले से ग्रामीण हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज अंतर्गत लैंगा गांव में एक ग्रामीण भालू के हमले में घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लैगी निवासी मानसिंह पिता समारू सिंह जंगल की ओर गया हुआ था। तभी उसका सामना खुखार भालू से हो गया। भालू ने देखते ही हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मान सिंह द्वारा मदद की गुहार लगाए जाने पर ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पंहुचे। बड़ी संख्या में लोगों को आता देख भालू भाग निकला। घटना की सूचना वन विभाग को दिए जाने पर सहायक रेंजर ईश्वर मानिकपुरी मौके पर पहुंचे और घायल मानसिंह को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पसान पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. उपचार के बाद उसे पेण्ड्रा अस्पताल रिफर कर दिया। पेण्ड्रा अस्पताल में भी घायल ग्रामीण के स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वहां के डाक्टरों ने सिम्स बिलासपुर ले जाने की सलाह दी। चिकित्सकों की सलाह पर मानसिंह को सिम्स में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति खतरे से बहार बताई जा रही है। वन विभाग द्वारा घायल ग्रामीण को उपचार के लिए तत्कालीक सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है।

### खास बात

- कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज की घटना

### उत्पादन कंपनी के एमडी ने कोरबा पूर्व प्लांट का किया निरीक्षण

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) एसके कटियार कोरबा प्रवास पर थे। इस दौरान श्री कटियार ने स्थानीय अधिकारियों की बैठक लेने के बाद उत्पादन कंपनी के बंद पड़े 440 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा पूर्व संयंत्र की साइट का निरीक्षण किया। 240 मेगावॉट क्षमता वाली इस परियोजना से लंबे समय तक बिजली का उत्पादन किया गया जो 1960 के समय में सोवियत रूस के सहयोग से पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश के द्वारा स्थापित की गई थी। इस जगह पर नवीन परियोजना की स्थापना करने को लेकर लगातार मांग की जा रही है। मैनेजिंग डायरेक्टर्स के द्वारा ली जा रही रुचि से ऐसा लगता है की नई सरकार आगामी दिनों में इस स्थान पर बिजली से संबंधित उद्योग को आकर दे सकती है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# कापानवापारा में गांव के निकट पहुंचा हाथियों का झुण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज में हाथियों का आतंक जारी है। यहां के कापानवापारा क्षेत्र में 31 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें आधा दर्जन बेबी एलीफेंट भी शामिल हैं।

बताया जाता है कि हाथियों का यह झुंड मंगलवार की रात 8 बजे के लगभग गांव के निकट पहुंच गया था और तालाब में लगभग 4 घंटे जलक्रीड़ा करने के बाद निगरानी दल द्वारा खदेड़े जाने पर वापस जंगल की ओर लौटा। इस दौरान ग्रामीण काफी दहशत में रहे। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निगरानी दल के सदस्यों को सूचना दी गई जिस पर निगरानी दल तत्काल मौके पर पहुंचा और हाथियों की निगरानी करने के साथ ही उसे खदेडऩे की कार्रवाई की। खदेड़े जाने पर झुंड ने जंगल का रूख किया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में हाथियों के दल ने काफी दिनों से डेरा जमा दिया है। हाथियों का झुंड बीच-बीच में गांव में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाते हैं और ग्रामीणों के घर को निशाना बनाकर तोड़ भी देते हैं जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है। वन विभाग द्वारा थर्मल ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। कैमरे से हाथियों का लोकेशन मिलते ही ग्रामीणों को सतर्कता अलार्म बजाकर सचेत किया जाता है और वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचती है। बीती रात अचानक धमके हाथियों के दल ने जाने से पहले आम के पौधों को भी नुकसान पहुंचाया है।







